हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री

11 समिति ने पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ



12 महिला आयोग ने स्कूल के झगड़े का लिया संज्ञान



## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल व गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने एक युवक को अवैध पिस्तौल व तीन गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध पिस्तौल लेकर खरखौदा की तरफ आ रहा है। पुलिस ने नाकाबंदी करके आने जाने वाले लोगों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद युवक छिनौली गांव की तरफ से खरखौदा की तरफ आ रहा था। पुलिस टीम को देखकर युवक वापस गांव की तरफ जाने लगा। पुलिस ने युवक को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल व तीन गोलियां बरामद हुई। युवक की पहचान पुरखास निवासी मोहित के रूप में हुई है।

### अज्ञात वाहन ने कारिंदे को टक्कर मारी, मौत

**गन्नौर।** बीती देर रात सड़क पार करते समय एक ढाबे के कारिंदे को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी,टक्कर लगने से कारिंदे की मौत हो गई। ढाबा संचालक दीपांशु मलिक ने पुलिस को बताया कि उसके पास बबलु पुत्र चन्द्रकांत झा उर्फ शोभाकांत झा वासी शंकरपुरा जिला मधेपुर बिहार नाम का व्यक्ति खाना बनाने का काम करता था। बीती रात कल करीब पौने ग्यारह बजे बबलु ढाबा से खाना खाकर गया था, जिसको जी टी रोड क्रास करते समय अज्ञात वाहन चालक ने सीधी टक्कर बबलु को मार दी।

### हमलावरों ने पीट कर व्यक्ति को किया घायल

**खरखौदा।** रिढाऊ गांव में हमलावरों ने एक व्यक्ति को पीट कर घायल कर दिया। साहब सिंह ने बताया कि वह ड्रेन से अपने खेत तक पाइपलाइन दबवा रहा था। जब वह अपनी मोटरसाइकिल पर ड्रेन की तरफ जा रहा था, तो सचिन व मोहित ने कार से उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे वह नीचे गिर गया। इसके बाद दोनों युवक उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जब वह वहां से भागने लगा तो सुरेंद्र, बिजेंद्र, मोहन, हरमेंद्र, नवीन,देवेंद्र, सज्जन ट्रैक्टर में मोटरसाइकिल पर वहां आ गए। उन्होंने उसके फोन छीन लिए और सचिन ने पीछे से उसके सिर में लोहे की छड़ मारकर घायल कर दिया। घायल अवस्था में उसे खरखौदा के सरकारी अस्पताल लाया गया। प्राथमिक चिकित्सा के बाद में उसे इलाज के लिए पीजीआई रोहतक रेफर किया गया।

### फैक्ट्री से चोरी के तीन आरोपी रिमांड पर

**खरखौदा।** पुलिस ने झरोठ गांव के पास स्थापित फैक्ट्री से लोहे के पाईप चोरी करने की घटना में शामिल तीन आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विजय, भारत निवासी सुंदर सावरी सोनीपत व मोहिन निवासी ईदगाह कॉलोनी सोनीपत के रहने वाले है। गत 30 मई को सैक्टर-15 सोनीपत निवासी नरेंद्र ने थाना खरखौदा में शिकायत दी कि कि झरोठ गांव के पास मुख्य मार्ग पर उसकी पुरानी फैक्ट्री है । जिसका वह नवीनीकरण करा रहा है। वहां से 28 मई की रात को टाटा स्टील लोहे के पाईप के बने हुए दस गेट चोरी हो गए हैं।

### प्लाट दिलवाने पर विधायक का आभार

**गन्नौर।** 100-100 वर्ग गज के प्लाट दिलवाने पर राजपुर के लाभार्थियों ने विधायक निर्मल चौधरी का आभार जताया। निर्मल चौधरी ने कहा कि पहले कांग्रेस सरकार ने जरूरतमंदों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट देने का वादा किया था, लेकिन कई लाभार्थियों को प्लाट नहीं मिल पाया था और न ही कब्जा पत्र उपलब्ध कराए गए। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 20 हजार लाभार्थियों को प्लाट देने की घोषणा की। जिसके तहत अब तक 10 हजार लाभार्थियों को प्लाट का कब्जा सौंपा जा चुका है। बाकी पंजीकृत लाभार्थियों को भी जल्द प्लाट दिए जाएंगे।

## ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने जिला परिवेदना एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली, 15 का मौके पर किया निपटारा

# शिकायतों का समाधान न करने वाले अधिकारी नपेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने लघु सचिवालय परिसर में तृतीय तल स्थित कांफ्रेंस हॉल में एजेंडा अनुसार 21 समस्याएं सुनी, जिनमें से चार शिकायत पहले से लंबित थी। उन्होंने 21 शिकायतों में से 15 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान रणजीत चौटाला ने अलग-अलग मामलों में उपायुक्त, एडीसी और एसडीम को जांच करने के निर्देश दिए। एडीसी को दो शिकायतों तथा एसडीएम गोहाना को एक मामले की जांच के आदेश दिए गए। वहीं फसलों के मुआवजे का भुगतान समय पर ना करने के मामले में संबंधित इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ एफआईआर करने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान चौटाला ने कहा कि शिकायत के बावजूद कई अधिकारी काम नहीं करते। जिसके चलते शिकायतकर्ताओं को कई दिन तक कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते हैं। उपायुक्त को निर्देश दिए कि जो अधिकारी शिकायतों का समाधान करने में रुचि नहीं लेता, उनको जरूर रगड़े। मंत्री ने अधिकारियों को आगाह किया कि शिकायतों पर लीपापोती न की जाए अन्यथा वह खुद कार्रवाई करेंगे। इस मौके पर गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी, विधायक गोहाना जगबीर मलिक, सोनीपत विधायक सुरेन्द्र पंवार, खरखौदा विधायक जयवीर सिंह, विधायक बरौदा इंदूराज नरवाल, जिला परिषद की चेयरमैन मोनिका दहिया, भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, भाजपा नेता माई राम कौशिक के अलावा उपायुक्त सोनीपत डॉ मनोज कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम अमित कुमार, सहित सभी एसडीएम, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

■ स्कूलों से संबंधित दो शिकायतों में एसडीसी को सौंपी जांच



सोनीपत। कष्ट निवारण समिति की बैठक में उपस्थित मंत्री रणजीत चौटाला साथ में उपायुक्त एवं अन्य अधिकारीगण।

### एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

भंडेरी गांव निवासी अमित पुत्र सूरजमल ने फसल खराब होने के बावजूद उसे मुआवजा न मिलने की शिकायत रखी। इस पर जिला कृषि उपनिदेशक ने कहा कि संबंधित कंपनी द्वारा इस मामले में लापरवाही बरती जा रही है। इस पर ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने तुरंत कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। कुंडली गांव में अवैध रूप से शराब व गांजा बेचने की एक शिकायत पर उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि वह इस तहत के मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने शिकायतकर्ता के न पहुंचने पर उसको भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुबह व स्कूल की छुट्टी के समय स्कूलों के बाहर पीसीआर की नियुक्ति करें।

### शिकायतकर्ता नहीं पहुंचा तो कारण बताओ नोटिस

बैठक में कुंडली के एक शिकायतकर्ता के न पहुंचने पर उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने शिकायतकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही। गोहाना निवासी सरदार राज सिंह ने गोहाना-जींद रेलवे अंडरब्रिज के नीचे पानी भरने की शिकायत की। इस पर मंत्री ने एसडीएम को समस्या के स्थाई समाधान को लेकर कंसल्टेंट नियुक्त करने के निर्देश दिए। जुआं गांव निवासी संदीप ने जठेड़ी में कलिंगा फैक्टरी के सामने अवैध तरीके से चलाई जा रही मीट की दुकानों को बंद करवाने की मांग की। इस पर मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन दुकानों को मुख्य आबादी से दूर शिफ्ट करवाया जाए। साथ ही गोहाना रोड आरओबी पर सीढ़ियां बनाने की युद्धवीर सिंह की शिकायत पर नगर निगम व रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिलकर इस समस्या का समाधान करें। लंबित शिकायतों में शामिल राजेश कुमार पत्नी अनील कुमार द्वारा अवैध कब्जा हटवाने व गली खुलवाने बारे शिकायत पर सुनवाई करते हुए ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी बना कर इस पर कार्यवाही करने के आदेश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि कमेटी में जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के तीन सदस्यों को लेने के भी आदेश दिए।



सोनीपत। खरखौदा निवासी रामनिवास को बैठक से बाहर ले जाते पुलिस कर्मी।

### कारागार में बंदियों की शिकायतें सुनीं

**सोनीपत।** बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने वीरवार को गोहाना रोड स्थित जिला कारागार परिसर का औचक निरीक्षण किया और बंदियों की शिकायतें सुनी। उन्होंने जेल के अंदर बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही जेल में चल रही बेकरी का निरीक्षण करके वहां तैयार किए गए उत्पादों की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने जेल अधीक्षक राजेंद्र सिंह को निर्देश दिए कि बंदियों के अधिकारों का पूरा ध्यान रखा जाये। जरूरत पड़ने पर उन्हें कानूनी सलाह व मदद भी उपलब्ध कराई जाये। उनके साथ विधायक निर्मल चौधरी व भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा मौजूद थे। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त जीत बैनीवाल, जेल उप अधीक्षक कृष्ण कुमार, सचिन कुमार, अमित कुमार सहित अन्य स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।

### शिकायत देने को कहा, सुनने पर बैठक से बाहर निकाला

बैठक के दौरान खरखौदा शास्त्री नगर निवासी एवं भ्रष्टाचार विरोध व सामाजिक उत्थान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रामनिवास पाराशर ने नगर पालिका में भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाया तो बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने उन्हें बाहर जाने को कहा व पुलिस कर्मियों को कह कर रामनिवास पाराशर को बैठक से बाहर निकलवा दिया। उन्होंने कहा कि वह नपा में भ्रष्टाचार व खरखौदा में भूमाफिया को लेकर 15 अप्रैल 2023 को 15 बिंदुओं पर शिकायत दे चुके हैं। इसके बाद 9 बिंदुओं पर 16 जून 2023 को ज्ञापन देकर 10 जुलाई 2023 से तीन दिन नपा कार्यालय में धरना दे चुके हैं। नपा सचिव से लेकर तहसीलदार, एसडीएम, उपायुक्त, प्रधान सचिव व मुख्यमंत्री तक को ज्ञापन भेजा गया है, लेकिन उनकी शिकायत पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### एसडीएम को मामले की जांच के आदेश दिए

कर्मबीर सिंह पुत्र रघबीर सिंह द्वारा दी गई थी, जोकि लंबित शिकायत थी जिसे फाईल कर दिया गया। आजाद सिंह मलिक द्वारा सरकारी जमीन से अवैध ट्यूबवेल हटवाने बारे शिकायत दी गई थी, जिसका समाधान होने के कारण शिकायत को फाईल कर दिया गया। इसके बाद अगली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए निर्देश दिए कि खानपुर गांव निवासी हरिओम पुत्र बोहती के मकान में तुरंत बिजली का कनेक्शन लगाया जाए। उन्होंने शिकायतकर्ता द्वारा मकान से संबंधित विवाद को लेकर एसडीएम गोहाना को पूरे मामले की जांच के आदेश दिए। बैठक में गढ़ी घसीटा गांव निवासी बिमला देवी ने शिकायत रखी कि स्कूल में बच्चे की फीस जमा होने के बावजूद बच्चे को स्कूल बस से लेकर जाने में स्कूल प्रबंधन लापरवाही कर रहा है। एक और मामले में बच्चे को चिराग स्कीम के तहत लाभ नहीं दिया जा रहा है। इस पर दोनों मामले में ऊर्जा मंत्री ने एडीसी को जांच सौंपी और कहा कि जो भी दोषी हो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# आज जारी होगी प्रथम मेरिट लिस्ट

■ महिला विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए जारी प्रवेश प्रक्रिया के तहत 5 जुलाई को प्रथम मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। चार वर्षीय स्नातकीय (यूजी) पाठ्यक्रमों में छात्राओं ने अच्छी रूचि दिखाई है। महिला विवि में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए बहुआयामी अवसर तथा एक उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न पीजी और यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 3 जुलाई थी। तत्पश्चात, अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में बीए इंग्लिश (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) में उपलब्ध 40 सीटों के लिए 50 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं, बीकॉम (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी की 60 सीटों के लिए 77 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बीबीए (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी की 60 सीटों के लिए 91 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं, बैचलर ऑफ लाइफ साइंस (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी की 40 सीटों पर 92 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बीए-एलएलबी की 120 सीटों के लिए 291 आवेदन तथा बीएड की 100 सीटों के लिए 180 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### विवि में पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम



कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि महिला विवि में छात्राओं के लिए विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। एमए (इंग्लिश) में उपलब्ध 30 सीटों पर 34 आवेदन, एमए की 40 सीटों पर 47 आवेदन, एमबीए की 60 सीटों पर 99 आवेदन, मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट की 15 सीटों पर 16 आवेदन, एमएससी केमिस्ट्री की 30 सीटों पर 32 आवेदन तथा एमएससी फूड एंड न्यूट्रिशन की 24 सीटों पर 24 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा, एलएलएम पाठ्यक्रम में उपलब्ध 30 सीटों के लिए 87 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 6 जुलाई को होगी।

### कैंटर चालक से बदमाशों ने लूटे 1.10 लाख रुपये

**सोनीपत।** गांव बारोटा के पास कैंटर चालक को काबू कर स्कॉर्पियो सवार बदमाश 1.10 लाख रुपये व मोबाइल लूट ले गए। करनाल के गांव रावर निवासी रवि ने बताया कि वह करनाल के अनिल के पास चालक की नौकरी करता है। 3 जुलाई की रात वह क्लीनर करनाल के निसिंग विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी विकास के साथ कैंटर लेकर ब्रेड लेने गांव बारोटा जा रहे थे। बारोटा के पास पहुंचे तो स्कार्पियो सवार 4-5 नकाबापोश युवकों ने उनकी गाड़ी को रोक दिया। उन्होंने डंडे से कैंटर के शीशों को तोड़ कर उन पर हमला कर दिया। एक बदमाश ने चाकू की नोक पर उन्हें काबू कर गाड़ी से 1.10 लाख रुपये व क्लीनर का मोबाइल छीन लिया।

# अवैध कॉलोनी पर चलाया पीला पंजा

■ गांव जाहरी में करीब आधा एकड़ में वकसित की जा रही कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नगर योजनाकार अधिकारी (डीटीपी) नरेश कुमार ने बताया कि जिला में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को गांव जाहरी की राजस्व सम्पदा में सोनीपत-गोहाना बाईपास के साथ लगती हुई लगभग 0.5 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी को ध्वस्त किया गया।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भू माफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने बताया कि जिला में किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा।



सोनीपत। अवैध कॉलोनी में जेसीबी द्वारा जारी तोड़फोड़ कार्रवाई।

### सीआरपीएफ जवान पर हमला कर किया घायल

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ जवान पर हमला कर घायल करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। जवान अपनी स्कूटी पर सवार होकर दूध लेने के लिए जा रहा था। उसी दौरान हमलावरों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए सीआरपीएफ अस्पताल में लाया गया। जहां से हालत गंभीर होने के चलते सोनीपत नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जवान को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन जवान को लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां उसका उपचार करवाया। पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहम्मदाबाद उत्तर प्रदेश निवासी सिपाही राजीव ने बताया कि वह सीआरपीएफ खेवड़ा में तैनात है। गत 1 जुलाई को देर शाम लगभग सात बजे अपनी स्कूटी पर सवार होकर बच्चों के लिए दूध लाने के लिए निकला था। गेट से बाहर निकलते ही प्रीतेश ने उसे आवाज लगाई औ लंगूर। जब पीछे मुड़कर देखा तो उसने सिर में अज्ञात वस्तु से हमला कर दिया। जिसके बाद वह स्कूटी से नीचे गिर गया। वह अपनी जान बचाने के लिए भागने लगा। उसे रोककर मारपीट करना शुरू कर दिया। उसने शोर मचाया तो गेट पर तैनात जवानों ने उसे बचाया। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे सीआरपीएफ अस्पताल में लाया गया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने के चलते सोनीपत नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया। अस्पताल से उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे।

■ स्कूटी पर जा रहे जवान पर साथी जवान ने किया हमला

## युवक की हत्या करने की आरोपी महिला को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

■ युवक को ट्रेन के आगे धक्का देकर दिया था वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सदर थाना पुलिस ने ट्रेन के आगे युवक को धक्का देकर उसकी हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित महिला को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। न्यू बाबा कॉलोनी निवासी मोहित ने 1 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उनके बड़े भाई अंकित थे। अंकित करीब एक माह से उनके पड़ोस में रहने वाली आरती के साथ रिलेशनशिप (सहमति संबंध) में भगत सिंह कॉलोनी में किराए पर रहते थे। आरती ने उनके भाई को अपनी बातों में बहला फुसला रखा था। 26 जून को भाई अंकित व आरती उनके घर पर आए थे। घर पर आने के बाद दोनों का आपस में झगड़ा हो गया था। युवती ने भाई अंकित को जान से मारने की बात कही थी। इसके बाद 27 जून को तडके चार बजे भाई अंकित को युवती धक्के मारती हुई घर से बाहर ले गई थी। वह कह रही थी की आज अंकित को जान से मार देगी। इसके बाद भाई अंकित को लेकर घर से चली गई थी। 30 जून उन्हें पता चला कि भाई अंकित की मौत रेलवे लाइन सोनीपत के पास हुई है। इसके बाद वह रेलवे थाना सोनीपत में गए। यहां पर उन्होंने अपने भाई अंकित के फोटो देख कर उनकी पहचान की। उन्हें यहां पता चला कि भाई अंकित का शव 27 जून को सुबह करीब 8 बजे बाबा कॉलोनी के पास रेलवे लाइन के निकट पड़ा मिला था। शव का का पोस्टमार्टम करवा कर अंतिम संस्कार के लिए करनाल भेज रखा था। इसके बाद उन्होंने करनाल से भाई का शव लिया और अंतिम संस्कार कर दिया। उन्होंने आरती पर हत्या का आरोप लगाया। सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र की टीम ने आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया था। उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## नोडल अधिकारी ने मौके पर जाकर घरों का किया निरीक्षण

# मलेरिया के आठ केस आए सामने, विभाग सतर्क

■ विभाग की 164 टीम चला रही जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में मलेरिया ने दस्तक दे दी है। प्री-मानसून के दौरान अलग-अलग स्थानों पर बारिश हो रही है। जिसके चलते मच्छर ज्यादा पनपने लगे है। वहीं मलेरिया, डेंगू के मरीज भी तेजी से बढ़ने लगे है। विभाग की तरफ लोगों को जागरूक रकरने के लिए धरातल पर मेहनत कर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है, लेकिन उसके बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष मलेरिया के मरीजों की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में सावधानी नहीं बरती तो बीमारी को लेकर परिणाम घातक हो सकते है। बता दें कि जिले में मलेरिया बुखार के साथ-साथ डेंगू का खतरा बढ़ने लगा है। जिले में अब तक अलग-अलग स्थानों पर डेंगू से ग्रस्त 11 मरीज सामने आ चुके है। तो वही मलेरिया के मरीज तेजी से बढ़ती जा रही है। दो दिन में आठ मरीज सामने आने की पुष्टि हो चुकी है। इतनी तेजी से बढ़ रहे मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अलर्ट जारी किया है। विभाग की 164 टीमें संदिग्ध क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने व जांच अभियान चलाने का काम कर रही है। विभाग के अधिकारी लोगों से सावधानी बरतने की अपील कर रहे है। लेकिन उसके बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे है। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने कुंडली क्षेत्र का दौरा किया। जहां उन्होंने लोगों को सतर्कता बरतने की बात कही।



सोनीपत। महिला को जागरूक करते हुए जिला नोडल अधिकारी व अन्य।

### लोगों को कर रहे जागरूक

कुंडली क्षेत्र में सबसे ज्यादा मरीज मिले है। जिसमें सात साल के बच्चे से लेकर 57 साल का बुजुर्ग शामिल हे। ऐसे में जिस तरह से मलेरिया के मरीज सामने आ रहे है, सावधानी बरतनी बेहद जरूरी है। विभाग की 164 टीमें लोगों को जागरूक करने व मलेरिया, डेंगू का लार्वा जांच करने में जुटे हुए है। फील्ड में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

डा. मंजीत राठी, जिला नोडल अधिकारी।

# प्लाट दिलवाने के नाम पर शिक्षक से 20 लाख हड़पे

■ पैसे लेकर प्लाट की रजिस्ट्री नहीं करवाई नाम, केस दर्ज

**गन्नौर।** प्लाट दिलवाने के नाम पर शहर माडल संस्कृति स्कूल के अध्यापक से 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। शिकायत में सोनीपत के गांव बोहला निवासी मुनीश कुमार ने बताया कि वह माडल संस्कृति स्कूल गन्नौर में बतौर अध्यापक कार्यरत है। स्कूल में मोहित शर्मा भी शारीरिक शिक्षक कार्यरत था। आरोप है कि मोहित, निशी, रेखा, प्रवीन पुत्र बलवान, प्रवीन पुत्र ओमप्रकाश ने मिल कर उसे अर्जुनपुरी, गढ़ीकेसरी में 12 हजार रुपये प्रति वर्ग गर्ज के हिसाब 160 वर्ग गज का प्लाट दिखाया। प्लाट प्रवीन पुत्र ओमप्रकाश की बहन रेखा के नाम था। उसने रेखा को 6 लाख रुपये ब्याना दिया और उसका ब्याना भी लिखवा लिया। उसने 8 लाख रुपये मोहित शर्मा, रेखा व उसके भाई प्रवीन पुत्र ओमप्रकाश को अदा किए, लेकिन समय पर प्लाट की रजिस्ट्री नहीं करवाई। इसके बाद आरोपितों ने उसे प्लाट की पूरी कीमत देकर फुल पेमेंट करवाने का आश्वासन दिया। उनके कहने पर उसने बाकी के 6 लाख रुपए भी अदा कर दिए, लेकिन उन्हें फुल पेमेंट एग्रीमेंट नहीं दिया। 23 अगस्त 2023 को मोहित शर्मा की अचानक मृत्यु हो गई। इसके बाद आरोपितों ने उसके पैसे हड़पने के लिए झूठा ब्याना पत्र बनवा लिया। पुलिस ने रेखा, प्रवीन पुत्र बलवान व प्रवीन पुत्र ओमप्रकाश, निशि व दिनेश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### महिलाओ के लिए कैंप का आयोजन किया

**सोनीपत।** सोनीपत के ट्यूलिप अस्पताल में डा. अनुपमा सेठी अरोड़ा द्वारा महिलाओ के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जो की 5 से 14 जुलाई तक होगा। जिसमे कोस्मेटिक गायनोकॉलोजी परामर्श मुफ्त में दी जायेगी । डॉ अनुपमा सेठी बताती है, महिलाएं जो एसयूआई से परेशान है उनके लिए (लेजर ) द्वारा ट्रीटमेंट दिया जाता है वो भी बिना किसी दर्द के। जो महिलाये शरीर के निचले झुकाव से परेशान है उनके लिए भी बिना चीरफाड़ के इलाज लेजर द्वारा किया जाता है।

### पंचायती भूमि से अवैध कब्जे हटाने की मांग

**गन्नौर।** मिनी सचिवालय के सभागार में लगे समाधान शिविर में एसडीएम निर्मल नागर ने लोगों की समस्या सुनी और समाधान के लिए संबधित अधिकारियों को आदेश दिए। शिविर में लल्हेड़ी गांव के जयभगवान मलिक ने गांव के एक नम्बरदार द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की।

### बैठक में शामिल होंगे अग्रवाल समाज के सदस्य

**सोनीपत।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन की तीनों इकाइयों की एक संयुक्त मीटिंग बुधवार शाम को अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी सोनीपत में हुई। जिसमें पहले तो सोनीपत में अग्रवाल विधवा पेंशन समारोह कार्यक्रम की समीक्षा की गई। उसके बाद सर्वसम्मति से शुक्रवार 5 जुलाई को पंचकुला मे होने जा रही अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक मे जाने का निर्णय लिया गया।

### 151 व्यक्तियों की आंखों की निःशुल्क जांच की

**खरखौदा।** शहर की लाला जय नारायण धर्मशाला में ठाकुर जी की रसोई , युवा शक्ति क्लब व महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति सोनीपत के तत्वाधान में गुरुवार को निःशुल्क नेत्र जाँच, ऑपरेशन कैम्प , स्त्री रोग जाँच, हड्डी रोग जाँच, फिजीशियन, न्यूरो थैरेपी, होम्योपेथी व दंत जाँच शिविर का आयोजन किया गया। संयोजक नीरज गुप्ता ने बताया कि कैंप में लगभग 151 मरीजों की फ्री आंखों की जांच की गई।

### 6 निशानेबाज जाएंगे ओलंपिक में : मित्तल

**सोनीपत।** हरियाणा के 6 निशानेबाज खिलाड़ी पेरिस ओलम्पिक में जा रहे हैं। इन 6 खिलाड़ियों में 4 महिला और 2 पुरुष हैं, जोकि कुल 11 प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगें। ओलंपिक कोटा पाने वाले हरियाणा के 6 दिग्गज खिलाड़ियों को हरियाणा राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और महासचिव अशोक मित्तल ने शुभकामनाएं दी हैं।

### भागराम ट्रस्ट का रक्तदान कैंप आज

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट द्वारा 5 जुलाई को एसी बस में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। नगर की पहली देहदाता भागवंती देवी की 5वीं पुण्यतिथि पर यह शिविर शहर के मुगलपुरा स्थित पंजाबी रामलीला ग्राउंड में आयोजित होगा। रक्तदान शिविर प्रातः 9 बजे शुरू होगा और दोपहरबाद 2 बजे तक चलेगा। अध्यक्षता उषा गगनेजा की होगी और संयोजन स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहेगा।

## बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला पत्रकारवार्ता में बोले

# 261 करोड़ रुपये में हटाई जाएंगी हाइटेंशन तारें: सिंह

### घर, मंदिर, पार्क और शिक्षण संस्थानों के ऊपर से गुजर रहे तार हटेंगे

**बोले, मुद्दों के साथ बात करें विपक्ष, वरना चंदा मामा की कहानी रोज कह रहा है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। पत्रकारवार्ता से पूर्व बैठक में मौजूद समिति सदस्य, अधिकारीगण एवं शिकायतकर्ता। फोटो :हरिभूमि

बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश भर में 261 करोड़ रुपये खर्च कर घरों, मंदिरों, पार्क व शिक्षण संस्थानों के ऊपर से गुजर रहे हाइटेंशन तारों को हटाएगी। इसके लिये जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। शुरूआत शहरों से की जाएगी, हालांकि प्रदेश में कई हलकों में हाईटेंशन तारों को हटाया जा चुका है।

बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला वीरवार को लघु सचिवालय में हुई जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान बिजली मंत्री ने कहा कि विपक्ष का काम सिर्फ सवाल खड़े करना है, सरकार अपना काम कर रही है। आम जनता की हर समस्या का समाधान किया जा रहा है। जिसका रिकॉर्ड सभी अधिकारियों के पास है। विपक्ष मुद्दों के साथ बात करें, वरना चंदा मामा की कहानी विपक्ष रोज कह रहा है और सरकार सुनने का काम कर रही है। बिजली मंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने विभाग में अच्छा काम करने को लेकर राष्ट्रपति से सम्मान प्राप्त किया है। उन्हें बेस्ट सोलर कंजर्वेशन में पुरस्कार दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा है कि अलग-अलग क्षेत्र में काफी बेहतर काम किया जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव में आए नतीजे पर बोलते हुए रणजीत चौटाला ने कहा कि हर राज्य में भाषा, पहनावा व रहन सहन अलग है। उसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि में कोई भी प्रभाव नहीं पड़ा। जिस कारण वह तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। वहीं विपक्ष के एकत्रित होने के बाद भी कांग्रेस 100 का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। चुनाव में अपनी हार पर बोलते हुए रणजीत चौटाला ने कहा कि एक दिन पहले ही वह भाजपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन पर विश्वास जताते हुए टिकट दी थी। जिसके बाद वह बेहतरीन चुनाव लड़े, हालांकि वह 30 हजार वोटों से हार गए थे। शंभू बॉर्डर पर धरने पर बैठे हुए किसानों के कारण व्यापारियों को हो रहे नुकसान के सवाल पर बिजली मंत्री ने कहा कि यह पंजाब का मुद्दा है और पंजाब ही इसका समाधान करेगा।

# अंतर सदनीय फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बाल भवन के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर




प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्रों के साथ स्कूल के प्रधानाचार्य जयभारत गुप्ता।

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर में पहले से तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए, अंतर सदनीय फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के चारों सदनों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें निर्णायक मंडल द्वारा घोषित किए गए परिणामों में कक्षा दूसरी के विद्यार्थी मेहुल ने प्रथम, मायरा ने द्वितीय और अवनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों में शनाया ने प्रथम, समायरा ने दूसरा और इशिता तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर कक्षा चौथी से छठी तक के बच्चों के लिए कोलाज प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य जयभारत गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल में समय-समय पर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है ताकि छात्रों के अन्दर छूपी प्रतिभा निखर सके। बच्चों ने सुंदर-सुंदर प्रस्तुति देते हुए मन मोह लिया।

# अमित त्यागी प्रधान और सतीश चौधरी सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



नवनियुक्त सचिव सतीश चौधरी को बधाई देते जिला गवर्नर प्रशांत राज शर्मा।

रोटरी क्लब ऑफ सेंट्रल की नेशनल बोर्ड की बैठक नोएडा उत्तरप्रदेश में हुआ। बैठक में 2024-2025 के लिए गन्नौर शाखा के प्रधान व सचिव का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। जिसमें अमित त्यागी को प्रधान व सतीश चौधरी को सचिव चुना गया। इस अवसर पर नवनियुक्त सचिव सतीश चौधरी ने बताया कि आने वाले वर्ष में रक्तदान शिविर, वाटरकूलर,आई चेकअप कैंप, सर्दियों में जुते, जर्सी,कंबल वितरण , वृक्षारोपण , स्वास्थ्य संबंधी जांच शिविर सहित कई सेवा कार्यों की सूची क्लब सदस्यों के समक्ष रखी। उन्होंने जिला गवर्नर को आश्वासन दिया, उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता के लिए हर संभव प्रयास करेगा। क्लब के नवनियुक्त सचिव व प्रधान ने कहा कि क्लब द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह मेहनत लग्न से क्लब के लिए कार्य करेंगे।

### शंकराचार्य के 82वें प्राकट्य महोत्सव पर लगाया भंडारा

**सोनीपत।** पूरीपीठाधीश्वर श्रीमद जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती के 82 वें प्राकट्य महोत्सव के मौके पर वीरवार को सुभाष चौक पर भंडारा लगाया गया। हिंदुस्तान कंप्यूटर्स के संचालक राजीव गुप्ता द्वारा आयोजित भंडारे में लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सुभाष चौक मार्केट के प्रधान विनोद गुप्ता, राकेश अग्रवाल, नीरज शर्मा, आजाद नेहरा, सुरेश पाराशर, रविन्द्र दिलावर, नीरज शर्मा, हरमीत सिंह, राजीव अग्रवाल, तीर्थ राणा, रविन्द्र कौशिक, संजीव वलेचा आदि ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

### सहकारी समिति के परिसर में रोपी त्रिवेणी

**गोहाना।** दि मुंडलाना सहकारी समिति कार्यालय के प्रांगण में गुरुवार को बरगद, पीपल और नीम की त्रिवेणी रोपी गई। कर्मचारियों ने त्रिवेणी की नियमित देखभाल करने की जिम्मेवारी भी ली। त्रिवेणी रोपण के लिए मार्गदर्शन सहकारी समितियां गोहाना के सहायक रजिस्ट्रार प्रशांत का रहा। सहायक रजिस्ट्रार ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का मूल हैं। पेड़ों से ही पृथ्वी पर जीवन है। पेड़ हमें न केवल प्राण वायु प्रदान करते हैं अपितु पर्यावरण संरक्षण में भी इनकी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेवारी का निवर्हन करना चाहिए। इस अवसर पर पैक्स प्रबंधक राजेंद्र, सहकारी बैंक मुंडलाना शाखा प्रबंधक राजबीर सिंह, रविंद्र, अनूप कुमार और रिछपाल आदि मौजूद रहे।





### सरकार पर आरक्षण छीनने का आरोप लगाया

**गोहाना।** ब्राह्मण आरक्षण संघर्ष समिति के युवा प्रदेश अध्यक्ष मनोज कौशिक ने कहा कि ईडब्ल्यूएस के आधार पर चार जातियों ब्राह्मण, बनिया, पंजाबी और राजपूत को जो आरक्षण दिया गया है उसका एससी और बीसी की तर्ज पर वर्गीकरण किया जाए। सरकार द्वारा स्वर्ण जाति के 10 प्रतिशत आरक्षण में वर्गीकरण कराने को लेकर समाज का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही सीएम नायब सैनी से मुलाकात करेगा। इस मांग को लेकर ब्राह्मण समाज जल्द ही प्रदेश में एक प्रदेशस्तरीय सम्मेलन भी करेगा। समिति के प्रतिनिधि इस मांग को लेकर गुरुवार को सेक्टर 7 स्थित भगवान परशुराम आश्रम में एकत्रित हुए। युवा प्रदेश अध्यक्ष मनोज कौशिक व भगवान परशुराम आश्रम गोहाना के संचालक पूर्व सरपंच सुभाष शर्मा ने कहा कि ईबीपीजी के मार्फत सरकारी भर्तियों की परीक्षा पास करने वाले 47 बेरोजगार युवाओं की ज्वाइनिंग का प्रयास किया जाएगा। यह कटु सत्य है कि हरियाणा में ईबीपीजी आरक्षण कांग्रेस सरकार ने दिया और भाजपा सरकार ने छीन लिया। लेकिन भाजपा वर्गीकरण करके इसकी भरपाई कर सकती है।

### पुनीत ने नृत्य प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

**गोहाना।** सोनीपत रोड स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल के पूर्व छात्र पुनीत ने राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत कर अपनी कला प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एमेच्योर डांस फेडरेशन द्वारा यह प्रतियोगिता तमिलनाडू के फिजिकल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में 26 से 29 जून तक आयोजित की गई जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 175 प्रतिभागितयों ने प्रतिभागिता की। राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न हुई। पहले चरण में 175 प्रतिभागी, दूसरे चरण में 80 तथा तीसरे व अंतिम चरण में पुनीत सहित केवल पांच प्रतिभागी ही शामिल थे। पुनीत ने सभी पड़ावों को अपनी मेहनत और लग्न से पार करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुनीत ने प्रतियोगिता में फिर से उड़ चला गीत पर फ्री स्टाइल नृत्य में अपनी कला प्रतिभा का जलवा बिखेरा। गुरुवार को स्कूल में एमडी अनिल मलिक और प्राचार्या उषा कौशिक ने पुनीत को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





### नपा ने खरखौदा में शुरू किया स्वच्छता अभियान

**खरखौदा।** शहर की सफाई के लिए नगरपालिका ने विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत की है। खरखौदा में सफाई एवं स्वच्छता की जरूरत को दोहराते हुए और इस दिशा में एक निर्णायक कदम के रूप में नगरपालिका ने विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। यह कार्यक्रम नगरपालिका के सभी सोलह वार्डों में चलाया जाएगा। विशेष स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रतिदिन दो वार्डों को स्वच्छ बनाया जाएगा। बीते दिन समाजसेवी नवीन दहिया की उपस्थिति में वार्ड छह व सात से सफाई अभियान की शुरूआत की गई थी। गुरुवार को सफाई कर्मचारी वार्ड संख्या आठ व नौ में पहुंचे और समाज सेवी एवं पूर्व पार्षद मैक्सीन ठेकेदार की उपस्थिति में सफाई अभियान चलाया। पदभार संभालने के बाद से ही नगरपालिका सचिव संदीप स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर विशेष जोर देते रहे हैं।

# महाराजा अग्रसेन सेवा समिति लगाएगी कांवड़ सेवा शिविर

- समिति प्रबंधन समिति ने गुरुवार को बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश गोयल। फोटो : हरिभूमि

महाराजा अग्रसेन सेवा समिति हर वर्ष की भांति इस साल भी महाशिवरात्रि पर कांवड़ियों की सेवा में शिविर आयोजित करेगी। कांवड़ सेवा शिविर शहर में अंबेडकर चौक में आयोजित होगा। यह समिति का 43वां शिविर होगा।

समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोयल के अनुसार समिति द्वारा गुरुवार को बैठक आयोजित करके कांवड़ सेवा शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया। उनके अनुसार समिति द्वारा हर वर्ष शिवरात्रि और महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में कांवड़ सेवा शिविर आयोजित किए जाते हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी शिविर में कांवड़ियों के लिए नहाने, ठहरने, भोजन और चिकित्सा की सुविधा का विशेष प्रबंध होगा। इस अवसर पर राजेश गुप्ता, कृष्ण गोयल, संदीप जैन, सन्नी खुराना, विजय गोयल, रोहतास सैनी, नीतू शर्मा, रजत वर्मा, सुनील वर्मा, प्रदीप चुघ और सुभाष प्रजापति आदि समिति सदस्य मौजूद रहे।

# दूषित पानी की निकासी न होने से लोग दुःखी

### दो महीने से दुकानों के सामने से गुजर रहा नाला ओवरफ्लो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

जीटी रोड के पास रेलवे रोड पर दुकानदार गंदे पानी की निकासी न होने से परेशान हैं। पिछले दो महीनों से दुकानों के सामने से गुजर रहा नाला ओवरफ्लो है। जिससे उनकी दुकानों के सामने व सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ है, जो उनके लिए आफत बना हुआ है। स्थानीय दुकानदार प्रमोद त्यागी ने बताया कि अब हालात यह है कि उसमें से हर समय दुर्गंध आती है। ऐसे में दुकान में बैठना भी मुश्किल हो जाता है। दुकान पर आने वाले ग्राहकों को भी आवागमन करने में कठिनाई हो रही है। दो महीनों से पानी जमा रहने की वजह से उसमें हर समय दुर्गंध आती है और पानी में पनप रही मच्छर व मक्खियां भी बीमारी फैला रही हैं। नगरपालिका द्वारा अब नालों की सफाई करवाई जा रही है, लेकिन अभी तक जीटी रोड की तरफ सफाई कार्य शुरू नहीं हुआ। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द नालों की सफाई करवा कर उनकी निकासी की समस्या का समाधान करवाने की मांग की है।



### नालों की सफाई का कार्य प्रगति पर: एसडीएम

एसडीएम निर्मल नागर ने बताया कि गंदे पानी के सड़क पर जमाव की समस्या उनके संज्ञान में है। नगरपालिका द्वारा रेलवे रोड पर नालो में हुए पक्के कब्जों को तुड़वा कर सफाई कार्य करवाया जा रहा है। जीटी रोड तक नालों की इसी तरह सफाई करवाने के आदेश दिए गए हैं। कुछ दिनों में वहां के नालों की भी सफाई हो जाएगी।


मार्केट न्यूज

### युवती को घुटने व पैर की हडड़ी के कैन्सर से पूर्ण निजात दिलाकर नई टाँग लगाई गई फिम्स अस्पताल में



**सोनीपत।** फिम्स के प्रबंध निदेशक रजत जैन ने बताया कि मरीज हमारे अस्पताल मे घुटने के असहनीय दर्द व सूजन की शिकायत लेकर आई थी। जो पहले भी कई जगह ईलाज करवा चुकी थी। अपनी परेशानी से निजात न मिल पाने के फलस्वरूप रोगी अपनी आखिरी आस लेकर फिम्स अस्पताल मे आई। इतने लम्बे समय तक घुटने के दर्द व सूजन का होना विचित्र व असामान्य था। मरीज की जांच करने के उपरांत प्रभावित हिस्से की बायोप्सी की गई। जिससे पता चला कि मरीज को ऑस्टियो सरकोमा नामक हडड़ी का कैन्सर है।

युवती के रोग की गम्भीरता को देखते हुए, अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक टयूमर बोर्ड गठित किया गया। जिसमे फिम्स अस्पताल के चार अलग-अलग विभागों के वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम बनाई गई। केस को बारीकी से पढ. व समझकर ईलाज की रूपरेखा तैयार की गई। कैन्सर विशेषज्ञ डा0 सन्नी जैन की देखरेख मे कीमो थैरेपी व टारगेटिड थैरेपी की गई। चार चक्र की कीमो थैरेपी के बाद रोगी के कैन्सर का आकार छोटा हुआ। उसके बाद कैन्सर के उस भाग को निकालने का फैसला किया गया।

प्रबंध निदेशक रजत जैन ने कहा कि रोगी का पारम्परिक विधि से ईलाज करने का मतलब था कि एक 22 वर्षीय युवती का अपना पैर खो देना तथा जीवनभर अपंग व लाचार होकर दूसरों पर निर्भर हो जाना......। वह बच्ची भरपूर जिंदगी जी सके, इसके लिए अमेरिका के विशेषज्ञों से सघन विचार-विमर्श करके एक अद्भुत व विश्वसनीय प्रकार की सर्जरी अमल मे लाने का निर्णय लिया गया।


## ग्राम सुधार समिति खन्दराई तीसरे स्थापना दिवस पर रोपेगी 221 पौधे

# समिति ने पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ

- तीसरे स्थापना दिवस को वन महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना




पौधरोपण अभियान का शुभारंभ करते समिति के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

ग्राम सुधार समिति खन्दराई द्वारा अपने तीसरे स्थापना दिवस पर वन महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। समिति अपने तीसरे स्थापना दिवस पर 221 पौधे रोपेगी। समिति द्वारा गुरुवार से पौधारोपण की शुरूआत कर दी गई। अध्यक्ष जगमहेंद्र के अनुसार समिति फलदार, फूलदार और छायादार पौधे लगाएगी। उनके अनुसार समिति द्वारा हर वर्ष बारिश के मौसम में पौधारोपण किया जाता है। इस बार गर्मी अधिक पड़ने से कुछ पौधे सूख चुके हैं। समिति नए पौधे रोपने के साथ सूखे हुए पौधों के स्थान पर भी नए पौधे रोपेगी। समिति द्वारा गांव स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाए जाएंगे। इस मौके परसमिति उपाध्यक्ष कुलदीप मेहरा, सदस्य दीपक मेहरा, इकबाल सिंह, विनय कुमार, भारत, पवन व दीपक मौजूद रहे।

### पेड़ लगाकर संस्थापक अध्यक्ष को श्रद्धांजलि दी



**सोनीपत।** हिंदू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसाइटी ने हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के परिसर में समारोह के साथ संस्थापक और अध्यक्ष, बाबू जय किशन अग्रवाल की पुण्य तिथि मनाई। समारोह की शुरूआत में कर्मचारियों ने अध्यक्ष और समाज के सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। इसके बाद बाबू जय किशन अग्रवाल की स्थायी विरासत के सम्मान में ज्ञान का प्रतीक एक दीप प्रज्ज्वलन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर संस्था के वर्तमान प्रधान राजीव अग्रवाल ने अपने संबोधन में शिक्षा और स्वास्थ्य के माध्यम से मानवता के विकास में बाबूजी के योगदान को याद किया तथा सभी को समाज में अच्छे योगदान के लिए प्रेरित किया। डॉ. ऋषि गर्ग एवं जयकुंवार जैन ने भी बाबूजी के साथ अपनी सुखद यादें सांझा की तथा उनके व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि एक वृक्षारोपण समारोह के साथ जारी रही। संस्था के सदस्यों ने उनके दृष्टिकोण के जीवंत प्रमाण के रूप में इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में पेड़ लगाए। इस मौके पर अर्जुन देव मितल, वेद प्रकाश, अजय गोयल, विकास अग्रवाल, शिव मितल, सतीश जैन, ग्रुप डॉरेक्टर डॉ. डी पी सिंह, प्रिंसिपल डॉ. नवीन कुमार मलिक व समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# पीएम किसान सम्मान निधि के लिए ई-केवाई आवश्यक

- सहायक तकनीकी प्रबंधक कृष्ण ने आहुलाना में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में खंड कथूरा के सहायक तकनीकी प्रबंधक (एटीएम)कृष्ण खासा ने गांव आहुलाना और भंडेरी में पहुंचकर किसानों को ई-केवाईसी करवाने के लिए जागरूक किया। कृष्ण खासा ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 2 हजार रुपये की किस्त लेने के लिए ई-केवाईसी करवाना अति आवश्यक है।

एटीएम कृष्ण ने कहा कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को 1 साल में 6 हजार रुपये दिए जाते हैं। यह पैसा चार-चार महीने की 3 किस्तों में दिया जाता है ताकि किसानों को उसके खेती के खर्च में आर्थिक मदद मिल सके। कृष्ण खासा कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिए किसान को ई-केवाईसी करवाना आवश्यक है।


**सरपंच ग्राम पंचायत मातण्ड खण्ड-मुण्डलाना तह. गोहाना जिला सोनीपत (हरियाणा)-131301**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मातण्ड की पंचायत भूमि में खड़े 304 सफेदे व 2 कीकर के वृक्षों की बोली दिनांक 12.07.2024 को प्रातः 11 बजे सूरा चौपाल में की जाएगी। जमानत राशि 50000/- रुपये होगी। बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए सरपंच ग्राम पंचायत मातण्ड से सम्पर्क कर सकते है। मो. नं. 9416823426

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत मातण्ड
ब्लॉक मुण्डलाना गोहाना (सोनीपत)

## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** मोहाना थाना पुलिस ने हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कप्तान निवासी नयाबांस का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव गुहणा निवासी प्रदीप ने बताया कि वह गत 1 जुलाई को रात करीब 11 बजे खेत में काम करके वापिस अपने घर आ रहा था। रास्ते में मनबीर, सोनू गांव नयावास मिले। जो शराब के नशे में थे। उस पर हमला कर दिया।

### घुम रहे युवक पर गोली चलाने का आरोप

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव जाजी में खेत के पास घूमने गए युवक पर गोली चलाने के आरोप का मामला सामने आया है। युवक ने पुलिस को शिकायत देकर गांव के दो युवकों पर रंजिश के चलते वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। युवक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। आरोपितों पर आपराधिक मामले दर्ज बताएं जा रहे है। जो हाल में पैरोल पर आए हुए है। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। गांव जाजी निवासी सुमित ने बताया कि वह देर शाम अपने खेत में घुमने के लिए आया हुआ था। सचिन ने उस पर गोली चला दी।

### सामान लेने गए चालक से नकदी व मोबाइल लूटा

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में कंपनी में सामान लेने जा रहे गाड़ी चालक से मारपीट कर घायल कर लाखों रुपये की राशि लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में कार सवार बदमाशों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

## उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने जारी किया शेड्यूल, 25 जुलाई तक जारी रहेगी पंजीकरण प्रक्रिया

# 12 जुलाई से शुरू होगा स्नातकोत्तर में दाखिलों के लिए पंजीकरण का दौर

- 15 से 27 जुलाई तक होगी दस्तावेजों की जांच, 30 जुलाई को होगी पहली वरीयता सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महाविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं में चल रही दाखिला प्रक्रिया के साथ ही अब उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने स्नातकोत्तर कक्षाओं में दाखिला का भी शेड्यूल जारी कर दिया है। जिसके तहत महाविद्यालयों में 12 जुलाई से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होकर 25 जुलाई तक चलेगी। वहीं 15 से 27 जुलाई तक दस्तावेजों की जांच की जाएगी। जिसके उपरांत 30 जुलाई को पहली वरीयता सूची जारी की जाएगी। दाखिले का शेड्यूल जारी होने से विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली है। 30 जुलाई को जारी की जाने वाली पहली वरीयता सूची में शामिल विद्यार्थी 02 अगस्त तक फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित करवा सकेंगे।

### आईटीआई में दूसरे चरण की प्रक्रिया आज से

सोनीपत। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में वीरवार को दूसरे चरण की दाखिला प्रक्रिया शुरू करने के लिए रिक्त सीटों की सूची जारी कर दी। इसके साथ ही पोर्टल भी दोबारा ओपन कर दिया है। जिससे विद्यार्थी अपने दिए गए ट्रेड्स ऑप्शन में बदलाव करते हुए मनपसंद ट्रेड का चयन कर सकें। इसके लिए विद्यार्थियों को तीन दिन का समय दिया गया है। आईटीआई प्रबंधन का कहना है कि 06 जुलाई को पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। जिले की 13 आईटीआई में करीब 3956 सीटों पर दाखिले के लिए 07 से 25 जून तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया चली। आवेदन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद 28 जून को पहली वरीयता सूची जारी की गई। जिसमें शामिल विद्यार्थियों को फीस जमा करवाते हुए अपना दाखिला सुनिश्चित करवाने के लिए 03 जुलाई तक का समय दिया गया था। पहली वरीयता सूची में शामिल 467 विद्यार्थियों में से महज 228 विद्यार्थियों ने ही फीस जमा करवाते हुए अपना दाखिला सुनिश्चित करवाया था। शेष विद्यार्थियों ने मनपसंद ट्रेड नहीं मिलने पर दाखिला प्रक्रिया से दूरी बनाए रखी।

### दूसरे चरण की दाखिला प्रक्रिया 05 अगस्त से शुरू

स्नातकोत्तर कक्षाओं में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए पहले पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य रहेगा। पोर्टल पर पंजीकरण नहीं होने पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए कॉलेजों में प्रवेश लेने के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य रहेगा।

### स्नातक कक्षा के लिए दोपहर तक इंतजार

महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद वीरवार को पहली प्रोविजनल सूची जारी की जानी थी। दोपहर तक विद्यार्थी प्रोविजनल सूची का इंतजार करते रहे, लेकिन उच्चतर शिक्षा निदेशालय की तरफ से सूची जारी नहीं की गई थी। अब शुक्रवार को पहली फाइनल वरीयता सूची जारी की जाएगी। जिसमें शामिल विद्यार्थियों को अपना दाखिला सुनिश्चित करवाने के लिए 09 जुलाई तक का समय दिया जाएगा।

### स्नातकोत्तर कक्षाओं में दाखिले का शेड्यूल

| | | |
|---|---|---|
| ■ | महाविद्यालयों की तरफ से दी जाएगी सीटों व फीस की जानकारी | : 09 से 11 जुलाई |
| ■ | ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया | : 12 से 25 जुलाई |
| ■ | विद्यार्थी आवेदन में कर सकेंगे संशोधन | : 12 से 25 जुलाई |
| ■ | दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा | : 15 से 27 जुलाई |
| ■ | प्रथम चरण की काउंसिलिंग | |
| | पहली वरीयता सूची जारी | : 30 जुलाई |
| - | वरीयता सूची के तहत फीस जमा करवाने की तिथि | : 30 जुलाई से 02 अगस्त |
| ■ | द्वितीय चरण की काउंसिलिंग | |
| | प्रथम चरण में वंचित विद्यार्थियों की फिजिकल काउंसिलिंग | : 05 अगस्त |
| ■ | पंजीकरण के लिए दोबारा खोला जाएगा पोर्टल | : 06 अगस्त |
| ■ | 100 रुपये विलंब शुल्क सहित फिजिकल काउंसिलिंग | : 07 से 13 अगस्त |
| ■ | 100 रुपये प्रतिदिन विलंब शुल्क सहित फिजिकल काउंसिलिंग | : 14 से 23 अगस्त |

### पंजीकरण 25 तक चलेगा

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया है। जिसके तहत पंजीकरण प्रक्रिया 12 जुलाई से शुरू होकर 25 जुलाई तक चलेगी। दस्तावेजों की जांच के उपरांत 30 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

- **डॉ. नरेंद्र खत्री,** प्राचार्य, छोटूराम आर्य महाविद्यालय, सोनीपत



सोनीपत। विधायक सुरेंद्र पंवार सोनीपत विधानसभा से संबंधित मुद्दे प्रमुखता से उठाते हुए।

## मेट्रोपॉलिटन सिटी घोषित होने के बावजूद पानी निकासी का नहीं हुआ समाधान : सुरेंद्र पंवार

- विधायक सुरेंद्र पंवार ने जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में सोनीपत विधानसभा के मुदे पुरजोर तरीके से उठाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सोनीपत को मेट्रोपोलिटन सिटी घोषित होने के बावजूद पानी निकासी की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि आधा घंटे की बारिश शहर को जलमग्न कर देती है। विधायक सुरेंद्र पंवार लघु सचिवालय स्थित तृतीय स्थल पर आयोजित जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में सोनीपत विधानसभा के मुद्दों पर बोल रहे थे।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने बैठक में शहर में स्ट्रीट लाइट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज शहर की अधिकांश गलियों में स्ट्रीट लाइट खराब रहती है, साढे चार साल बीतने के बाद भी नगर निगम प्रशासन की आंखें खुली नहीं है, नगर निगम कुंभकरण की नींद सोया हुआ है।

ऊर्जा मंत्री रणजीत चौटाला ने कहा कि नगर निगम शहर में स्ट्रीट लाइट की उचित व्यवस्था करें ताकि शहर वासियों को परेशानी ना हो। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सार्वजनिक शौचालय की स्थिति बेहद दयनीय है, इसमें सुधार किया जाए। इसके साथ ही गीता भवन रेलवे फ्लाईओवर पर सारंग रोड की तरफ सीढ़ियां बनाई जाए व फ्लाईओवर पर पैदल पथ का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाए। विधायक सुरेंद्र पवार ने महानगर के लिए 100 करोड़ के बजट के प्रावधान पर भी अतिरिक्त सीईओ से स्थिति के बारे में जानकारी ली। पानी निकासी सहित अन्य समस्याओं पर ऊर्जा मंत्री रणजीत चौटाला ने जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

## महिला आयोग ने स्कूल के झगड़े का लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

पुलिस थाना खरखौदा से सटे पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ मध्यमिक विद्यालय में दो अध्यापिकाओं का झगड़ा चर्चा में है। जिसके चलते गुरुवार को हरियाणा महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने भी स्कूल का दौरा किया और छात्रों व स्टाफ सदस्यों से भी पूछताछ की। अभी एक पक्ष से पूछताछ बाकी है। सोनिया अग्रवाल ने बताया कि पुलिस को भी निर्देश दिए जाएंगे कि जो भी इस झगड़े में दोषी हैं, उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए। उधर दूसरी तरफ उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से भी इस बारे में पूछताछ की। जिसमें डीईओ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि एक विशेष कमेटी इस मामले की जांच करेगी और जो भी इस मामले में दोषी मिलेगा उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। कमेटी स्कूल टाइम के बाद जांच करेगी, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित ना हो।



खरखौदा। जांच करने राजकीय विद्यालय पहुंची महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन।

### एक पक्ष की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

खरखौदा के सरकारी विद्यालय में हुए झगड़े में फिलहाल पुलिस के पास प्राध्यापिका मंजीत की शिकायत पहुंची थी, जिसमें बॉयोलाजी प्राध्यापिका पर उसकी कक्षा को डिस्टर्ब करने व वीडियो बनाने के आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही टोकने पर उसके साथ झगड़ा एवं मारपीट की। बीच बचाव करने आई प्रिंसीपल को भी बुरा-भला कहा। पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## शिविर में 450 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अर्डेंट ने एक निजी स्कूल परिसर में चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में डॉ. राजन अरोड़ा ने सेवाएं दीं। कुल 450 विद्यार्थियों की गहन जांच की गई। स्कूल की प्रिंसिपल मोना सिंह ने मेडिकल जांच शिविर लगाने की पहल के लिए क्लब की सराहना की। क्लब के अध्यक्ष राजेश कटारिया ने कहा कि स्वास्थ्य ही धन है और इसका बहुत महत्व है। विद्यार्थी जीवन में स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बच्चों को नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान क्लब से सचिव राजन मक्कड़, आशु नागपाल, सुधीर खुराना, अभिषेक गुप्ता, प्रमोद भूटानी, मनोज कथूरिया और स्कूल से शैनाली और वीरेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।




सोनीपत। शिविर में जांच करते चिकित्सक साथ में क्लब के पदाधिकारी।

## जांच में 40 लोगों की आंखों में मिला मोतियाबिंद



गोहाना। पूर्व विधायक श्रीकृष्ण हुड्डा की याद में गांव मुंडलाना में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ करते हुए जीता हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

**गोहाना।** बरोदा हलके के लगातार तीन बार विधायक रहे स्व. श्रीकृष्ण हुड्डा की स्मृति में बुधवार को हलका क्षेत्र के गांव मुंडलाना में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित गया। शिविर में 507 लोगों के नेत्रों की जांच की गई जिनमें 40 लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत मिली। इन लोगों के नेत्रों का निःशुल्क ऑपरेशन करवाया जाएगा। शिविर का संयोजन दिवंगत विधायक के बेटे जीतेंद्र उर्फ जीता हुड्डा तथा सुरजीत उर्फ मोनू हुड्डा ने किया। शिविर में गुरुग्राम के इंदिरा गांधी आई अस्पताल की टीम नेत्र रोगों की जांच करने पहुंची। शिविर गांव की मिगलान चौपाल में आयोजित हुआ, जो प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया गया। शिविर में जांच के बाद नेत्र रोगियों को दवाइयां और चश्मे मुफ्त में उपलब्ध करवाए गए।

## नगरपालिका में 2002 से पहले जन्मे बच्चों का रिकार्ड में दर्ज करवा सकते हैं नाम

### सरकार ने 31 दिसंबर 2024 तक दिया मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जन्म प्रमाण पत्र में नाम का खाली कालम को अब भरवाना पड़ेगा। 2002 से पहले जन्मे बच्चों के नाम रिकार्ड में लिखवाना होगा। सरकार ने इसके लिए 31 दिसंबर 2024 तक का मौका दिया है। जन्म से संबंधित दस्तावेज जमा करवाकर नाम दर्ज करवाने की सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। विभाग के नियम अनुसार जन्स पंजीकरण के बाद 15 साल तक रिकार्ड में नाम लिखवाया जाना अनिवार्य है, लेकिन कुछ लोगों ने समय अवधि तक भी नाम दर्ज नहीं करवाया। जिस वजह से विभाग के रिकार्ड में उनके बच्चों के नाम का कालम अभी तक खाली पड़ा है। ऐसे लोगों को अब सरकार ने मौका दिया है। जन्म रिकार्ड में नाम दर्ज करवाने के लिए केंद्र पर दस्तावेज जमा करवाने होगा फिर आनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है।

### पहले भी दिया था मौका

जन्म रिकार्ड में नाम दर्ज करवाने के लिए सरकार ने इससे पहले भी अधिसूचना जारी कर मौका दिया था, लेकिन लोग गंभीर नहीं हुए। काफी बच्चों के रिकार्ड के नाम का कालम अब भी खाली पड़ा है। अब सरकार ने फिर से ऐसे लोगों को मौका दिया है।

### रिकार्ड में नाम आवेदन फार्म व दस्तावेजों सहित जमा कराएं : सचिव

नपा सचिव पवित्र गुलिया ने बताया कि वर्ष 2002 से पहले जन्में बच्चों का रिकार्ड में नाम आवेदन फार्म व दस्तावेजों सहित जमा करवा सकते हैं। नगर पालिका में जन्म-मृत्यू पंजिकरण शाखा में अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं। जिसके बाद उनके नाम रिकार्ड में दर्ज कर दिया जाएगा।

### दो नाबालिग व पांच आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने झज्जर रोड पर आटो में सवार सुनारिया निवासी परिवार पर फरसे व कुल्हाड़ी से हुए जानलेवा हमले में दो नाबालिग व पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दो नाबालिग युवकों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर न्याय बोर्ड में पेश कर बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेजा गया। तीनों आरोपितों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर आरोपितों को न्यायिक हिरासत भेजा गया है। डीएसपी विरेंद्र ने बताया कि एक जुलाई को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि राधिका गार्डन झज्जर रोड पर ऑटो में बैठी सवारियों पर फरसे, कुल्हाडियों व ईंटों से हमला किया गया है, जिन्हें उपचार के लिए पीजीआईएमएस के ट्रामा सेंटर लगाया।

## आर्य समाज सेक्टर 14 की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** आर्य समाज सेक्टर 14 सोनीपत के नवनियुक्त प्रधान रविन्द्र आर्य को कार्यकारिणी के गठन हेतु सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया था जिसकी घोषणा कर दी गई है। इसमें ईश्वर दयाल शर्मा, महात्मा वेद मुनि वानप्रस्थी, रणधीर सिंह ढुल को संरक्षक, शान्ता सोलंकी को मुख्य परामर्शदाता, भगवान दास गांधी को उप प्रधान, रविन्द्र कुकरेजा को महामंत्री, राम निवास को उपमंत्री, जितेन्द्र मलिक को कोषाध्यक्ष, प्रवेश कुमार को उप कोषाध्यक्ष, विकास कुमार को लेखा परीक्षक, करण सिंह को आर्य वीर दल अधिष्ठाता बनाया गया। वहीं सुमन बाला को महिला प्रधाना, रुकमणि देवी को मन्त्राणी, बिमला देवी को कोषाध्यक्ष, पूनम देवी को प्रचार मन्त्राणी, राज कुकरेजा को पुस्तकालयाध्यक्ष, डिम्पल कुमारी को उप पुस्तकालयाध्यक्ष बनाया गया। जबकि अनिल कुमार, रमेश अरोड़ा, ओम प्रकाश छाबड़ा, बीबी अरोड़ा, अशोक मुखी, सुमित्रा मलिक और संतोष खुराना को अंतरंग सदस्य बनाया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## चौथे दिन भी जारी रहा सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच सम्बंधित मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बली सेना का प्रदर्शन बुधवार को चौथे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन की अध्यक्षता ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच यूनियन ओडिटर अंकुश ढीका ने की, संचालन यूनियन सचिव सावन कुमार ने किया। यूनियन के प्रधान मुकेश टांक ने नगर निगम के भ्रष्ट अधिकारियों पर अरोप लगाते हुए कहा कि ठेका सफाई कर्मचारी अपना काम ईमानदारी से करके नगर निगम में 12:15 बजे प्रदर्शन में पहुंचते हैं और फीर प्रदर्शन करके 2 बजे आपनी हाजरी पर पहुंच जाते और अपना कार्य करते है। इसके बावजूद भी



अधिकारी गहरी नींद से नही जाग रहे। इस दौरान कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार की 24 मई 2018 की चिट्ठी का हवाला देते हुए पे-रोल पर रखने की मांग उठाई। इस मौके पर अनिल, अंकुश, मुकेश कर्मा, विकास, विजय, प्रवीन, अजय, सुरेश आदि मौजूद रहे।

## ठेका सफाई कर्मचारियों की भूख हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सीटू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन के कर्मचारियों की प्रतिदिन 10 कर्मचारियों की भूख हड़ताल का तीसरा दिन सफल रहा। वीरवार को नगर निगम के मेयर के आश्वासन के बाद पीसीसी ऑफिस के बाहर फिर धरना शुरू किया गया। मेयर ने आश्वासन दिया कि आज वे चंडीगढ़ हैं और कल शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन के मंडल को बुलाया है।स दौरान कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि निगम के अधिकारियों, पीसीसी कंपनी प्रबंधक द्वारा वार्ड 1 से 10 में लगे ठेका सफाई कर्मचारियों के साथ बुरा व्यवहार किया जा रहा है।



सोनीपत। शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी।

### आजतक कुल 1815 शिकायतें आई, 397 का हो पाया समाधान, 1418 लंबित

# समाधान शिविर : 121 शिकायतों में से 8 का समाधान

- पायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रदेश सरकार के निर्देशों पर लगाए जा रहे समाधान शिविर के तहत वीरवार को लगाए गए शिविर में कुल 121 शिकायतें आई। इनमें से केवल 8 शिकायतों का ही मौके पर समाधान संभव हो पाया। वहीं 113 शिकायतों को लंबित की श्रेणी में रखा गया है। कुल शिकायतों की बात करें तो 10 जुलाई के बाद से आज तक लगाए गए शिविरों में कुल 1815 शिकायतें आई हैं। इनमें से केवल 397 शिकायतों का ही मौके पर समाधान संभव हो पाया है, वहीं 1418 शिकायतें लंबित की श्रेणी में रखी गई हैं। वीरवार को लघु सचिवालय में लगाए गए समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करें। इस मौके पर एडीसी अंकिता चौधरी भी मौजूद रही। डीसी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान राज्य सरकार व जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर छोटी से छोटी समस्याओं को पूरी गंभीरता से नागरिकों की संतुष्टि के साथ निपटाएं। डीसी व एडीसी द्वारा समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली, पेयजल, स्वामित्व रजिस्ट्री सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं सुनी गईं।



सोनीपत। समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए अधिकारीगण।

### 52 में से 51 लंबित की श्रेणी में

वीरवार को आई कुल 121 शिकायतों में से सबसे अधिक शिकायतें परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड से संबंधित रही। इस श्रेणी में कुल 52 शिकायतें आई हैं, जिसमें से केवल 1 का ही समाधान हो पाया है जबकि 51 शिकायतों को लंबित की श्रेणी में रखा गया है। दूसरे नंबर पर 16 शिकायतें विकास से संबंधित थी, जिसमें से 6 का समाधान हो पाया, 10 शिकायतें लंबित रखी गई हैं। वहीं रजिस्ट्री और इंतकाल से संबंधित 11 शिकायतें आई, जिसमें से किसी का भी समाधान नहीं हो पाया। अपराध संबंधी 10 और बिजली संबंधी 7 शिकायतें भी लंबित की श्रेणी में रखी गई हैं।